इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए निश्शुल्क आनलाइन कोर्स शुरू किए

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) ने इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए निश्शुल्क आनलाइन कोर्स शुरू किए हैं। यह आनलाइन पाठ्यक्रम 30 घंटे के होंगे। पाठ्यक्रमों के संचालन को लेकर शुक्रवार को यूटीयू सभागार में साफ्टवेयर विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी साफ्टप्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलाजी लिमिटेड और यूटीयू के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। समझौता ज्ञापन पर यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह और कंपनी की सीईओ यशी अस्थाना ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि बीटेक के छात्रों के लिए निश्शुल्क आनलाइन पोर्टल लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र आठ पाठ्यक्रमों (वेब टेक्नोलाजी, कोर जावा, पाइथन एप्लीकेशन, मशीन लर्निंग, इंटरनेट आफ थंग्स, कैड टूल्स इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कैड टूल्स इन सिविल इंजीनियरिंग और प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन) में अपना पंजीकरण कर लाभ उठा सकते हैं। यह कार्यक्रम संबंधित कंपनी आनलाइन मोड में उपलब्ध कराएगी। इस मौके पर यूटीयू के कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल आदि मौजूद रहे।(जासं)